**THE WEST BENGAL COUNCIL OF RABINDRA OPEN SCHOOLING**
**MADHYAMIK PARIKSHA (SECONDARY EXAMINATION) JUNE, 2023**

# हिन्दी

**(Hindi)**

**(First Language)**

**Time: 3 Hours 15 Minutes** **Full Marks: 90**

**(For New Syllabus)**
Who registered their names on or after June, 2023

## (General Instructions for the Examinees)

Candidates should write their Name, Roll No. and Registration No. in their respective answer scripts.

The first 15 Minutes are allotted for reading the question paper. Answers should be in brief and to the point.

Write correct question no. against each answer.

Special credit will be given for answers which are brief and to the point.

Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting. In the right side the marks of questions are given.

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए ( *कोई बारह*) : 1×12=12

(i) तुलसीदास के पिता का नाम था–

(क) रघुवीर (ख) आत्माराम

(ग) नन्दनराम (घ) परमात्माराम

(ii) अभी किसका अंत नहीं होगा?

(क) वसंत का (ख) कवि के जीवन का

(ग) कलियों का (घ) प्रभाव का

(iii) नागार्जुन का मूल नाम था–

(क) वैद्यनाथ मिश्र (ख) राज मिश्र

(ग) अमरकान्त मिश्र (घ) विश्वनाथ मिश्र

(iv) मीरा ने कैसा प्याला पिया था?

(क) अमृत का (ख) विष का

(ग) रस का (घ) शरबत का

(v) कबीर की काव्य भाषा है–

(क) सधुक्कड़ी (ख) ब्रजभाषा

(ग) अवधी (घ) अपभ्रंश

(vi) बुद्धिराम के घर में कैसा उत्सव था?

(क) लाड़ली का विवाह था (ख) रूपा की गोदभराई

(ग) मुखराम का तिलक था (घ) बुद्धिराम का जन्मदिन था

(vii) लुहार की पत्नी ने घर में क्या जलाने को कहा?

(क) लालटेन (ख) धूपबत्ती

(ग) पवित्र मोमबत्ती (घ) दीया

(viii) 'रहमत खाँ' कहाँ का निवासी था?

(क) पाकिस्तान का (ख) कंधार का

(ग) काबुल का (घ) बांग्लादेश का

(ix) 'विनोबा भावे' जी को 'विनोबा' नाम दिया थे–

(क) नेहरू ने (ख) गाँधी जी ने

(ग) सुभाष ने (घ) पटेल ने

(x) 'अंधेर नगरी' नाटक के रचनाकार कौन हैं?

(क) प्रेमचंद (ख) बालकृष्ण भट्ट

(ग) भारतेन्दु (घ) प्रेमधन

(xi) 'तुलसीदास' भक्तिकाल के कौन सी शाखा के प्रमुख कवि माने जाते हैं?

(क) ज्ञानाश्रयी (ख) प्रेमाश्रयी

(ग) रामभक्ति (घ) कृष्णभक्ति

(xii) 'भारत कोकिला' किस विधा में लिखी गई है?

(क) जीवनी (ख) रेखाचित्र

(ग) संस्मरण (घ) वर्णनात्मक निबन्ध

(xiii) 'इस जल प्रलय में' रचना में किस विभीषिका का चित्र खींचा गया है?

(क) अकाल (ख) बाढ़

(ग) भूकम्प (घ) सुनामी

(xiv) लाडली कौन थी?

(क) बूढ़ी काकी की बेटी (ख) बुद्धिराम की बेटी

(ग) मुखराम की बेटी (घ) रूपा की ननद

(xv) वजीर अली का एक मात्र उद्देश्य था

(क) अंग्रेजों को भारत से निकालना (ख) लूटपाट

(ग) मार काट (घ) इनमें से कोई नहीं

(xvi) आदिकाल का प्रमुख रस है —

(क) अद्भुत रस (ख) श्रृंगार रस

(ग) वीररस (घ) करूण रस

(xvii) भारत-दुर्दशा के रचयिता कौन हैं?

(क) भारतेन्दु (ख) मैथिलीशरण गुप्त

(ग) रामधारी सिंह 'दिनकर' (घ) जयशंकर प्रसाद

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अनधिक 20-25 शब्दों में दीजिए ( *कोई छः*): 2×6=12

(i) 'खेलन मैं को काको गुसैयाँ

हरि हारे जीते श्रीदामा, बरबस ही कत करत रिसैया'

— 'हरि' कहकर किसे सम्बोधित किया है? 'रिसैया' का अर्थ बताइए। 1+1

(ii) 'जोइ-जोइ माँगत सोइ-सोइ देती
क्रम-क्रम करि कै न्हाते'

— पाठ का नाम बताइए। कौन किससे क्या माँगता है? 1+1

(iii) 'अभी-अभी ही तो आया है
मेरे वन में मृदुल वसंत'

— वसन्त में आने वाले त्योहारों के नाम लिखिए तथा बसन्त को ऋतुराज क्यों कहा जाता है? 1+1

(iv) मिनी कौन सा खेल खेल रही थी? और वह सहसा किसे पुकार उठी? 1+1

(v) बूढ़ी काकी को भोजन न देने पर लाडली का मन क्यों अधीर हो रहा था?

(vi) तनु के मुहल्ले में कौन आए? उनसे मुहल्ले वालों को क्या शंका हुई?

(vii) गुरुदेव द्वारा रचित दो प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए।

(viii) आज का विद्यार्थी आज की इस शिक्षा पद्धति को बोझ क्यों समझता है?

(ix) नगर को 'अंधेर नगरी' क्यों कहा गया है?

(x) सआदत अली कौन था? उसने वजीर अली की पैदाइश को अपनी मौत क्यों कहा?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही '*नौ*' प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×9=36

(i) 'कनक-कनक ते सौ गुनी, मादकता अधिकाय।
उहि खाये बौराए जग, इहि पाए बौराय।'

(क) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस पाठ से ली गई हैं?

(ख) दोनों कनक का अर्थ लिखिए।

(ग) उक्त पंक्तियों की व्याख्या कीजिए। 1+1+2=4

(ii) 'बूँढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की
बरस बाद सुधि लीन्हीं'

(क) प्रस्तुत काव्यांश के रचयिता कौन हैं?

(ख) बूढ़े पीपल ने किससे और क्यों ऐसा कहा? 1+3=4

(iii) पठित साखियों के आधार पर कबीर की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालिए। 4

(iv) ''बुढ़ापा बहुधा बचपन का पुनरागमन हुआ करता है।''

(क) उक्त गद्यांश के लेखक कौन हैं?

(ख) पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 1+3=4

(v) 'कल शाम को इन लोगों को चाय पर बुला लेते हैं और तुमसे दोस्ती करवा देते हैं।'

(क) प्रस्तुत कथन के वक्ता और श्रोता कौन हैं?

(ख) वक्ता के ऐसा कहने के पीछे क्या उद्देश्य है? 2+2=4

(vi) ''गुरुदेव की बैठक में प्रवेश करते और परदा हटाते हुए उन्होनें द्वार से ही आवाज दी, 'वेल, गुरुदेव, एंड – हाउ आर यू'?''

(क) प्रस्तुत गद्यांश के रचनाकार कौन हैं?

(ख) प्रस्तुत अंश कौन किससे कहता है?

(ग) उक्त अंश का भाव स्पष्ट कीजिए। 1+1+2=4

(vii) पठित पाठ के आधार पर 'गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर' के जीवन पर एक संक्षिप्त लेख लिखिए। 4

(viii) 'संपूर्ण गैर जिम्मेदारी से सम्पूर्ण जिम्मेदारी में कूदना तो एक हनुमान कुद ही हुई। ऐसी हनुमान-कुद की कोशिश में हाथ-पैर टूट जाएँ, तो क्या अचरज!'

(क) प्रस्तुत पंक्तियों के लेखक कौन है?

(ख) सम्पूर्ण गैर-जिम्मेदारी से सम्पूर्ण जिम्मेदारी का क्या अर्थ हैं?

(ग) हनुमान कुद का क्या परिणाम होता है? 1+1+2=4

(ix) 'हाय! मैंने गुरूजी का कहना न माना, उसी का यह फल है।'

(क) प्रस्तुत अंश किस पाठ का है?

(ख) किसने गुरूजी का कहना नहीं माना?

(ग) उक्त अंश की व्याख्या कीजिए। 1+1+2=4

(x) 'आपने मुझे कारतूस दिए इसलिए आपकी जान बख्शी करता हूँ।'

(क) उद्धृत अंश के वक्ता और श्रोता का नाम लिखिए।

(ख) उक्त पंक्ति की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए। 2+2=4

(xi) 'अंधेर नगरी' पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। 4

(xii) भारतेन्दु युगीन साहित्य की प्रवृतियों पर प्रकाश डालिए। 4

*अथवा,*

टिप्पणी लिखिए (किन्हीं दो पर): 2+2=4

सूरदास, बिहारी, पृथ्वीराज रासो, जयशंकर प्रसाद।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *चार* प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×4=20

(i) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

It was a hot summer day. A thirsty fox was moving here and there in search of water. At last he came to a well. By chance, he slipped and fell into the well. He tried his utmost to come out of the well but could not. After a short while, a thirsty goat came there. It saw the well and looked inside. It was very surprised to see the fox inside the well. It said to the fox, 'what are you doing there? The fox replied, 'I am drinking the sweet cold water of the well here.' The goat again asked him, 'Is the water of the well water is so sweet?' 'Come here at once and have a hearty drink.'

(ii) खेलकुद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उत्साहित करते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

*अथवा,*

मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारी के नाम एक पत्र लिखिए।

(iii) वर्तमान समय में बैंक में हो रहे घोटालों पर एक प्रतिवेदन लिखिए।

(iv) भाव पल्लवन कीजिए :

'संतोष ही परम सुख है।'

(v) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

इंग्लैंड से लौटने पर गाँधीजी ने राजकोट में वकालत शुरु की, किन्तु कुछ दिनों के बाद वे बम्बई लौट आये। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का एक बड़ा व्यापारी उन्हे अपने मुकदमे की पैरवी के लिए वहाँ ले गया। वहाँ अनेक भारतीय व्यवसायी और मजदूर बसते थे। उनके साथ गोरे लोग अमानुषिक व्यवहार करते थे। वे नागरिक अधिकारों से वंचित थे। उनके बच्चे सर्व-साधारण विद्यालय में नहीं पढ़ सकते थे। हर जगह उनके साथ बुरा व्यवहार होता था। इसे देख गाँधी जी ने वकालत छोड़ वहाँ के भारतीयों की सेवा का व्रत लिया।

(क) इंग्लैंड से लौटने पर गाँधीजी ने क्या किया?

(ख) गाँधीजी दक्षिण अफ्रीका क्यों गये?

(ग) गाँधीजी ने वकालत क्यों छोड़ी?

(घ) दक्षिण अफ्रीका में भारतीयों के साथ कैसा व्यवहार होता था?

(vi) करण कारक और अपादान कारक का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(vii) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×5=5

(क) संधि विच्छेद कीजिए — अत्याचार

(ख) समास विग्रह कीजिए — रसोईघर

(ग) उपसर्ग पृथक कीजिए — बेहद

(घ) वाक्य शुद्ध कीजिए — उसके पीठ का हड्डी बहुत दर्द कर रहा था।

(ङ) मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए — घी के दिए जलाना।

**5.** किसी *एक* विषय पर निबन्ध लिखिए (अनधिक 300 शब्दों में): 10×1=10

(i) प्लास्टिक प्रदूषण

(ii) राष्ट्रभाषा हिन्दी और उसका भविष्य

(iii) संचार माध्यम और इन्टरनेट

(iv) शिक्षक-छात्र सम्बन्ध

———